दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

डॉ. रमन ने परिवार के साथ किया मतदान

कवर्धा। सीएम डॉ. रमन सिंह ने परिवार के साथ किया मतदान।

मड़वा गांव के ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

जांजगीर। मड़वा गांव के ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार, स्थानीय लोगों की उपेक्षा, भूमि अधिग्रहण और उद्योग में नहीं मिलनें से है नाराज, अभी तक नहीं डाला गया है एक भी वोट।

एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा। एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार , चोलनार से घेरेबंदी कर किया गिरफ्तार, कई संगीन मामलों में था शामिल, किरंदुल पुलिस एवं डीआरजी की संयुक्त कार्रवाई।

सफेद हिरन कभी नहीं बन पाएगी मां

भिलाई। मैत्रीबाग में हिरन का झुंड है। सौ से ज्यादा हिरन के बीच काला और एकमात्र सफेद हिरन भी नजर आता है। हिरन अपनी नस्ल से नहीं बल्कि बीमारी से सफेद है। विशेषज्ञों के अनुसार यह कभी मां नहीं बन सकती है। इसकी प्रजनन क्षमता बहुत कम होती है। इसलिए इसको क्रॉस नहीं कराया जाता है। एल्बीनो बीमारी से जूझ रहे इस हिरन के शरीर का रंग सफेद हो चुका है। वजन सामान्य हिरन से बहुत कम है। उम्र के मामले में भी इसकी उम्र सामान्य हिरन से आठ साल कम है। हिरन की उम्र 12 साल होती है, जबकि सफेद हिरन की उम्र चार से पांच साल ही बताई जा रही है। मैत्रीबाग के प्रभारी एजीएम डॉ. नवीन कुमार जैन का कहना है कि सफेद हिरन को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है। इसकी आंखों की रोशनी और प्रजनन क्षमता दोनों कम है। इसलिए कोई खतरा नहीं लिया जा सकता है। मैत्रीबाग के हिरन की उम्र ढाई साल हो चुकी है। दूसरी ओर मैत्रीबाग में काला हिरन का बच्चा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। चार दिन पूर्व हिरन ने बच्चे को जन्म दिया है। इसकी सुरक्षा के लिए अन्य सभी हिरन झुंड बनाकर घेरे रहते हैं।

आजीवन कारावास काट रहे कैदियों की सुनवाई टली, 2 हफ्ते बाद होगी अगली सुनवाई

रायपुर/बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में प्रदेश भर के जेलों में बंद आजीवन कारावास की सजा काट चुके कैदियों की रिहाई को लेकर हो रही सुनवाई दो सप्ताह के लिए टल गई है। मामले में अगली सुनवाई अब दो सप्ताह के बाद होगी। छत्तीसगढ़ में प्रदेश भर के जेलों में बंद आजीवन कारावास की सजा काट चुके कैदियों की रिहाई को लेकर हो रही सुनवाई दो सप्ताह के लिए टल गई है। मामले में अगली सुनवाई अब दो सप्ताह के बाद होगी। बता दें कि हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमरनाथ पांडे ने हाईकोर्ट चीफ जस्टिस के डिवीजन बैंच में जनहित याचिका दायर किया है। याचिका में कहा गया है कि प्रदेश भर के जेलों में ऐसे कैदी हैं जिन्होंने अपने सजा मे से 14 साल या उससे भी अधिक कि आजीवन कारावास की सजा काट चुके हैं। सजा पूरा होने के बाद भी उनकी रिहाई नही हो रही है। जबकि सजा पूरा होने के बाद कैदियों को जेल में नही रखा जाता। पिछली सुनवाई के बाद आज मामले में अंतिम सुनवाई होने की संभावना थी पर आज कि सुनवाई दो सप्ताह के लिए टल गई है। लिहाजा, कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 2 हफ्ते के बाद का समय तय किया है। अब मामले पर अगली सुनवाई 2 हफ्ते बाद होगी, जिसके बाद 14 वर्ष से भी अधिक आजीवन कारावास की सजा काट चुके कैदियों की रिहाई पर कोर्ट का फैसला आ सकेगा।

रायगढ़ में बूथ क्रमांक 38 में एक घंटे देर से शुरू हुआ मतदान

रायगढ़। राजीव नगर वार्ड नंबर-1 मतदान केंद्र क्रमांक 38 में वोटिंग मशीन बिगड़ा गया। इसके चलते निर्धारित समय में मतदान शुरू नहीं हुआ। करीब एक घंटे बाद मतदान शुरू हुआ। इस बीच घंटो वोटर्स लाइन पर लगे हुए थे। निर्वाचन अधिकारी, तकनीकी कर्मचारियों को लेकर पहुंचे।

खरसिया विधानसभा के ग्राम खेरपाली में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया चुनावी बूथ में तोड़फोड़

लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव के दिन भी मचा रहे उत्पात

फाईल चित्र

रायगढ़। ग्राम खेरपाली में चुनावी बूथ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की तोड़ फोड़। वोट डालने आ रही जनता को भी कर रहे परेशान।

तोड़फोड़ की घटना के बाद पुलिस ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को बूथ से ही गिरफ्तार कर लिया है और वहां सुरक्षा को बढ़ा दिया है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेसियो कार्यकर्ताओं के द्वारा मारपीट के मामले बढ़ गए है। वे आये दिन तोड़फोड़ या मारपीट के मामले में लिप्त पाए जा रहे है।

दो पोलिंग अधिकारी गिरफ्तार

मरवाही। मरवाही विधानसभा क्षेत्र में दो मतदान अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है,मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों पर आरोप है वह भाजपा के पक्ष में वोट डलवा रहे थे। मरवाही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में ग्राम धनौली में पोलिंग अधिकारी कमल तिवारी द्वारा मतदान कराए जाने की पुष्टि होने पर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उनकी गिरफ्तारी हुई है।

वहीं पेंड्रा गौरेला क्षेत्र में पीठासीन अधिकारी सुरेंद्र सिंह द्वारा भाजपा के पक्ष में वोट डलवाए जाने की शिकायत आप द्वारा किए जाने पर तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।

बिना सील लगी ईवीएम मशीन में मतदान करवाए जाने का आरोप

खरसिया। खरसिया विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने मतदान केंद्र काटौज के पहला नम्बर पोलिंग बूथ में बिना सील लगी ईवीएम मशीन में मतदान करवाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि यहां बीजेपी प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र के पीठासीन अधिकारी ने यह कृत्य किया।

उन्होंने घटना को लेकर कड़ा विरोध दर्ज किया। अमर अग्रवाल ने इसको लेकर रिटर्निंग आफिसर चंदन त्रिपाठी से बात की। रिटर्निंग आफिसर ने केंद्र में तहसीलदार को अविलंब भेजने की बात कही। लेकिन खरसिया तहसीलदार ने कई बार फोन लगाने के बाद भी फोन नहीं उठाया।

कलेक्टर ने उत्साहपूर्वक किया मतदान, किया अपील कहा हर कोई करे मतदान

विधानसभा क्रमांक
16
विधानसभा का नाम
रायगढ़
मतदान केन्द्र क्रमांक
65
मतदान केन्द्र का नाम
बाल मंदिर
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज मतदान क्रमांक 65 रायगढ़ शहर आदर्श बाल मंदिर स्कूल में उत्साहपूर्वक मतदान कर सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए सबकी आवाज जरूरी है। अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

रायगढ़ जिले में संगवारी मतदान केंद्र के अलावा भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

रायगढ़। जिले में मतदाता जागरूकता का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है खासकर महिलाएं काफी बढ़चढ़कर कर हिस्सा ले रही हैं।

जिले में संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है जहां महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई।

अज्ञात लोगों ने खेत में लगायी आग, 80 हजार का नुकसान

नारायणपुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय में कल देर शाम आगजनी की घटना हो गई, जिसमें एक किसान के पांच एकड़ के खेत से उपजाए धान को अज्ञात लोगों ने आग लगाकर खाक कर दिया। खलिहान में रखे धान से आग की लपटें देखने के बाद लोगों के द्वारा किसान को सूचना देकर नगर पालिका से संपर्क कर दमकल वाहन बुलाया गया। दमकल वाहन पहुंचने के बाद आग में पानी की बौछार कर धान के कुछ हिस्से का जलने से बचाया गया । आगजनी की घटना से बखरूपारा के प्रकाश देवांगन पिता योगेन्द देवागंन को करीब 80 हजार रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही हैं । किसान की रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ आगजनी का मामला कायम कर लिया गया है।

अपनी मां और पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे ओपी चौधरी

शास.प्राथमिक शाला-बायंग
संकुल केन्द्र-...वि.सं: रायगढ़(छ.ग.)

रायगढ़। कलेक्टर से बीजेपी प्रत्याशी बने ओपी चौधरी दूसरे चरण के मतदान में वोटिंग करने पहुंचे. वे खरसिया के बायंग गांव में अपने बुजुर्ग मां और पत्नी के साथ पोलिंग बूथ में देखे गए.

वोटिंग के बाद ओपी ने मीडिया से बातचीत में कहा की जनता का विश्वास जीतना बड़ी चुनौती होती है. विधायक से लोगों से ये सीधा जुड़ाव होता है. उन्होंने कहा कि यू तो मैने कई बार मतदान किया, लेकिन ये खास मौका था जब मैं खुद चुनाव में बतौर प्रत्याशी मतदान किया.

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे,
कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931